कोंकण रेल की सीएसआर गतिविधियां - वित्तीय वर्ष 2022-23

वित्त वर्ष 2021-22 की अव्ययित राशि रू 10.23,409/- का उपयोग वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान शिक्षा और खेल क्षेत्र में निम्नलिखित सीएसआर गतिविधियों के लिए किया गया।

1. सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण:

- कोंकण रेल ने स्थानीय युवाओं के स्थायी आय सृजन और आजीविका के लिए कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश से रामकृष्ण हेगड़े कौशल विकास केंद्र का निर्माण किया है। वित्तीय वर्ष के दौरान कुल 4939 छात्रों (3469 महिला छात्रों) को सॉफ्ट स्किल्स में प्रशिक्षित किया गया, जो ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड का संयोजन था। कार्यालय शिष्टाचार, सीवी लेखन, सार्वजनिक भाषण, समय प्रबंधन, स्टार्ट-अप और उद्यमिता, समय प्रबंधन आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किए गए। (रु. 49,237/-)

2. कंप्यूटर साक्षरता कार्यक्रम:

- शिक्षा को बढ़ावा देने से संबंधित गतिविधियों के तहत, कोंकण रेल मार्ग के ग्रामीण क्षेत्रों में जहां कंप्यूटर सुविधाएं और प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं, एसे स्कूली बच्चों के लिए कंप्यूटर साक्षरता कार्यक्रम को वर्ष के दौरान पुनर्जीवित किया गया। यह गतिविधि डिजिटल इंडिया के मिशन और जेननेक्स्ट के लिए कंप्यूटर जागरूकता पैदा करने के अनुरूप है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान रत्नागिरी और कारवार क्षेत्र के 09 स्कूलों में कंप्यूटर साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें 1659 छात्रों (767 महिला छात्रों) को प्रशिक्षित किया गया। (रु. 1,14,786/-)

3. **विद्यालयों को फुटबॉल किट का प्रावधान:**
(कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII की मद संख्या VII)

- राष्ट्रीयकृत खेलों को बढ़ावा देने के लिए, सिंधुदुर्ग और रायगढ़ जिले के जवाहर नवोदय विद्यालयों को फुटबॉल किट प्रदान किए गए, जो न केवल स्कूली बच्चों के शारीरिक विकास में बल्कि संचार, टीम कार्य और आत्मविश्वास निर्माण में भी मदद करेंगे। (रु 35000)

4. **कोविड-19 के लिए सीएसआर निधि:**

- कर्नाटक के उडुपी जिले में कोविड-19 सहित सार्वजनिक स्वास्थ्य गतिविधियों की निगरानी के लिए एक एसी बोलेरो वाहन प्रदान किया गया। यह सीएसआर गतिविधि वित्तीय वर्ष 2021-22 में की गई थी लेकिन रु 8,24,386/- का भुगतान वर्ष 2022-23 में किया गया था।

()()()()